Regarding obscenity in films and TV shows

श्री अनिल फिरोजिया **(उज्जैन) :** सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं । ? (व्यवधान)

मैं माननीय मंत्री जी से यह मांग करना चाहता हूं कि बिग बॉस नामक शो भारतीय समाज के कई परिवारों की चिंता का कारण बन चुका है । बढ़ती अश्लीलता से समाज पर उसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है । ? (व्यवधान) बिग बॉस एक ऐसा शो है, जिसे भारतीय टेलीविजन पर बड़े पैमाने पर प्रसारित किया जाता है और देश भर में इसके करोड़ों दर्शक हैं । शुरुआत में यह शो एक सामान्य रिएलिटी शो की ही तरह था, लेकिन समय के साथ अश्लीलता और विवादों का स्तर बढ़ गया है, जो कि न केवल उसे देखने वाले दर्शकों के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए खरतनाक हो सकता है । ? (व्यवधान)

महोदय इस शो का प्रमुख आकर्षण विवाद और प्रतियोगियों के बीच अश्लील वार्तालाप होता है । शो में अक्सर गाली-गलौज, यौन शोषण की स्थिति और विवादित व्यवहार को बढ़ावा दिया जा रहा है । ? (व्यवधान) कई बार प्रतियोगियों के निजी जीवन की गंदगी को भी सार्वजनिक रूप से दिखाया जाता है, जिससे ने केवल उसका अपमान होता है, बल्कि यह अन्य लोगों को भी गलत दिशा की तरफ प्रेरित करता है । ? (व्यवधान)

यह शो समाज में उस मानसिकता को बढ़ावा देता है, जिसमें अश्लीलता और विवादों का सार्वजनिक रूप से प्रदर्शन करना और इनका मजाक उड़ाना सामान्य बात है । हमारे युवाओं और बच्चों पर इस तरह के कार्यक्रमों का प्रभाव बहुत गहरा होता है । उन्हें यह सिखाया जाता है कि विवादों और अश्लीलता से शो की टीआरपी बढ़ती है । सलमान खान इस शो के होस्ट हैं । सलमान खान की लोकप्रियता और उनके व्यक्तित्व की वजह से इस शो की पहुंच बहुत बड़ी हो जाती है, लेकिन, उनकी भूमिका और शो को लेकर उनका दृष्टिकोण अक्सर विवादों में घिरा रहता है । सलमान खान कभी-कभी शो के विवादित और अश्लील तत्वों को हंसी-मजाक में बदल देते हैं, जो कि इन घटनाओं को गंभीरता से लेने की बजाय इन्हें हल्के तौर पर दिखाता है ।

सभापति महोदय, मैं आपसे यह मांग करता हूं कि इस शो और ऐसे कई शो टेलीविजन पर दिखाए जा रहे हैं, जिससे समाज पर गलत प्रभाव पड़ रहा है ।